This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**1039** **09H (A)**

# SUMMATIVE ASSESSMENT-I (2018-19)
# HINDI
*(Second Language)*
**Parts A and B**

**Time : 2 Hours 45 Minutes]** **[Maximum Marks : 80**

**सूचना :**

(1) प्रश्न-पत्र भाग A & B पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय निर्धारित है ।
(2) प्रश्न-पत्र के उत्तर लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
(3) भाग-A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
(4) परीक्षा के प्रारंभ में ही भाग A & B दोनों पत्र दिये जायेंगे ।

## PART – A

Time : **2** Hours Maximum : **60** Marks

I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए **पाँच-पाँच** अंक निर्धारित हैं ।

1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : **(5×1 =5 Marks)**

भारत के अलावा अन्य देशों में भी कई संस्थाएँ हिंदी के प्रचार व प्रसार में जुटी हुई हैं । जिनमें केंद्रीय हिंदी संस्थान हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यों से देश-विदेश में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है । आज विश्व भर में क़रीब डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय हिंदी संबंधी कोर्सों का संचालन कर रहे हैं । बैंक, मीडिया, फिल्म उद्योग आदि क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है ।

प्रश्न :

(1) विश्व भर में हिंदी के प्रचार-प्रसार में जुटी हुई संस्था क्या है ?
(2) आज क़रीब कितने विश्वविद्यालयों में हिंदी कोर्सों का संचालन हो रहा है ?
(3) किन क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता बढ़ रही है
(4) 'प्रशिक्षण' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?
(5) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए : (5×1 =5 Marks)

सन् 2016 के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के विजेता 'कला तपस्वी' काशीनाथुनी विश्वनाथ थे। उनका जन्म 19 जनवरी, 1930 को आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले में हुआ। सन् 1965 में वे निर्माता डी. मधुसूदन राव की तेलुगू फिल्म 'आत्म-गौरवम्' से निर्देशक बन गए। भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाने से पहले विश्वनाथजी पाँच बार राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार पा चुके हैं। सन् 1982 में उनकी 'सप्तपदी' को नर्गिस दत्त पुरस्कार मिला।

प्रश्न :

1. सन् 2016 में विश्वनाथजी को कौन सा पुरस्कार मिला ?
   (A) फ़िल्म फेयर (B) दादा साहेब फ़ाल्के
   (C) नन्दी (D) ऑस्कर

2. विश्वनाथजी का जन्म कब हुआ ?
   (A) उन्नीस सौ अठारह (B) उन्नीस सौ बयासी
   (C) दो हज़ार सोलह (D) उन्नीस सौ तीस

3. आत्म-गौरवम् सिनेमा के निर्माता कौन थे ?
   (A) विश्वनाथजी (B) रामा नायुडू
   (C) मधुसूदन राव (D) अश्विनी दत्त

4. दादा साहेब फ़ाल्के पुरस्कार इस क्षेत्र से संबंधित है –
   (A) सिनेमा (B) खेल
   (C) नाटक (D) उद्योग

5. आपको इस फ़िल्म के लिए नर्गिस दत्त पुरस्कार मिला –
   (A) स्वाति मुत्यम् (B) स्वराभिषेकम्
   (C) शंकराभरणम् (D) सप्तपदी

3. निम्नलिखित कवितांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : (5×1 =5 Marks)

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से।
नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई –
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।

प्रश्न :

(1) मनुज धन कैसे संचित करता है ?

(2) नर–समाज का भाग्य क्या है ?

(3) नभ–तल किसके सम्मुख विनीत है ?

(4) 'नभ' शब्द का पर्याय क्या है ?

(5) इस कवितांश के कवि का नाम क्या है ?

4. निम्नलिखित कवितांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए : **(5×1 =5 Marks)**

बचपन की यादों में घुलकर,
फिर आ जाओ गौरैया रानी ।
पहले तुम मेरे आँगन में आकर,
हर दिन हमें नींद से जगाती थी ।
अब ये तुम्हारे कलरव कहाँ गये ?
मोबाइल टॉवर तुम्हें खा गये ।
हम अपनी गलती को सुधारेंगे,
फिर वापस आ जाओ गौरैया रानी ।

प्रश्न :

1. यहाँ किसे निमंत्रण दे रहे हैं ?
   (A) मोबाइल को (B) गौरैया को
   (C) नींद को (D) यादों को

2. किसे गलती सुधारना है ?
   (A) मोबाइल (B) गौरैया
   (C) मनुष्य (D) सरकार

3. गौरैया को किसने खाया ?
   (A) मनुष्य (B) नींद
   (C) रानी (D) मोबाइल टॉवर

4. कवि गौरैया से क्या अनुरोध करता है ?
   (A) वापस आने का (B) गलती सुधारने का
   (C) सुलाने का (D) कलरव न करने का

5. 'याद' शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?
   (A) यादों (B) याद
   (C) यादें (D) यादा

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : (6×3 =18 Marks)

5. दिनकरजी ने श्रमिकों को सदा आगे रखने की बात क्यों कही ? लिखिए ।

6. मीरा की भक्ति भावना के बारे में आप क्या जानते हैं ?

7. बाबा गंगादास ने लक्ष्मीबाई से क्या कहा था ?

8. हिंदी को राजभाषा के रूप में कब गौरवान्वित किया है ? क्यों ?

9. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ?

10. अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ।

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए : (1×6 =6 Marks)

11. पंतजी ने वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर चित्रण किया है । अपने शब्दों में लिखिए ।

12. 'हम भारतवासी' कविता विश्व-बंधुत्व की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा देती है । – समझाइए ।

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए : (1×6 =6 Marks)

13. 'ईदगाह' कहानी नैतिक मूल्यों का प्रतिबिंब है । सिद्ध कीजिए ।

14. लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं । लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ? लिखिए ।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1×5 =5 Marks)

15. भारी वर्षा के कारण नगर की सफ़ाई सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है । इसकी शिकायत करते हुए कमीशनर के नाम पत्र लिखिए ।

16. आप अपनी पाठशाला की ओर से विहार-यात्रा पर गए हैं । इसका वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (1×5 =5 Marks)

17. आजकल हर क्षेत्र में कंप्यूटर का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है । – अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

18. स्वच्छता ही सेवा है । स्वच्छता का महान अभियान 'स्वच्छ भारत' के बारे में लिखिए ।

This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**1040** **09H (B)**

# SUMMATIVE ASSESSMENT-I (2018-19)

# HINDI

*(Second Language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 Hours 45 Minutes]** **[Maximum Marks : 80**

**Name of the Student :** ______________ **Roll Number :** ______________

| शैक्षिक मापदण्ड | अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

**PART – B**

Time : 30 Minutes Maximum : 20 Marks

**सूचना :**

(1) भाग-B के प्रश्नों के उत्तर प्रश्न–पत्र में ही लिखिए।

(2) भाग-B के लिए आधे (½) घण्टे का समय निर्धारित है।

**विशेष सूचना :**

(1) सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं।

(2) प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।

(3) काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जाएँगे।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए :

1. वस्तु <u>अमोलक</u> दी म्हारे सतगुरु। [ ]

(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)

(A) आमलक (B) अमूल्य

(C) खरीदारी (D) मूल्यहीन

2. वीरता लक्ष्मीबाई को पाकर धन्य है । [ ]

(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)

(A) कायर (B) वीरांगना
(C) साहसी (D) कायरता

3. गाँव से मेला चला । [ ]

(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए)

(A) ग्राम (B) गौ
(C) ग्रम (D) नगर

4. तात्या की सेना में अनुशासन नहीं है । [ ]

(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए)

(A) अ (B) न
(C) अनु (D) अन्

5. लोकगीत बड़ी भीड़ को आकर्षित करते हैं । [ ]

(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए)

(A) ईत (B) आ
(C) त (D) इत

6. हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है । [ ]

(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए )

(A) अंत: + राष्ट्रीय (B) अंतर + राष्ट्रीय
(C) अंत + र्राष्ट्रीय (D) अंतरा + राष्ट्रीय

7. भारतवासी दुनिया को पावनधाम बनायेंगे । [ ]

(रेखांकित शब्द का समास पहचानिए)

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

8. 1997 को हिंदी अक्षरों में पहचानिए । [ ]

(A) उन्नीस सौ सत्तानवे (B) उन्नीस सौ चौरानवे
(C) उन्नीस हजार सत्तानवे (D) उन्नीस सौ पचानवे

9. मैं अकेली ही झाँसी लेकर रहूँगी । [ ]

(वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए)

(A) मैं (B) रहूँगी

(C) अकेली (D) झाँसी

10. पहाड़ियों के अपने-अपने अलग गीत हैं । [ ]

(वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए)

(A) पहाड़ियों (B) अपने

(C) अलग (D) गीत

11. मोहसिन के पास पंद्रह पैसे हैं । [ ]

(वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए)

(A) मोहसिन (B) पैसे

(C) पंद्रह (D) पास

12. हर भारतीय को हिंदी <u>सीखना</u> जरूरी है । [ ]

(रेखांकित शब्द क्या है ?)

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) विशेषण

13. रघुनाथराव तेज़ी से प्रवेश करते हैं । [ ]

(वाक्य में क्रिया-विशेषण शब्द पहचानिए ।)

(A) तेज़ी (B) रघुनाथराव

(C) प्रवेश (D) करते

14. स्त्रियों ने लोकगीतों की रचना की । [ ]

(पुल्लिंग रूपी वाक्य पहचानिए)

(A) पुरुष ने लोकगीतों की रचना किया ।

(B) पुरुषों ने लोकगीतों की रचना की ।

(C) पुरुषों ने लोकगीतों की रचना किये ।

(D) पुरुषों ने लोकगीतों के रचना की ।

15. मोती सागर में मिलता है। [ ]

(बहुवचन वाक्य पहचानिए)

(A) मोती सागर में मिलते हैं।
(B) मोती सागर में मिलती हैं।
(C) मोतियाँ सागर में मिलते हैं।
(D) मोतिएँ सागर में मिलते हैं।

16. हामिद, दादी की गोदी ______ सोता है। [ ]

(उचित कारक चिह्न पहचानिए)

(A) से
(B) में
(C) पर
(D) को

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

(A) मैं श्रवण की तरह बनूँगा।
(B) मै श्रवण की तरह बनेगा।
(C) मैं श्रवण की तरह बनेगो।
(D) मैं श्रवण की तरह बनेंगे।

18. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए। [ ]

(A) होली के अवसर पर रसिया चलता है ब्रज में।
(B) होली के ब्रज में अवसर पर रसिया चलता है।
(C) रसिया चलता है होली के अवसर पर ब्रज में।
(D) होली के अवसर पर ब्रज में रसिया चलता है।

19. भक्त लोग मीरा के भजन गायेंगे। (काल पहचानिए) [ ]

(A) भूत
(B) भविष्यत
(C) वर्तमान
(D) आसन्न भूत

20. पेशवा की <u>आँखें खुलेंगी</u>। [ ]

(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए)

(A) होश में आना
(B) हार मानना
(C) क्रोधित होना
(D) अधिक प्रयास करना